**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

(तिथि 3 अगस्त 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है, इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। कल वाराणसी में कई विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था कई अनिश्चितताओं और अस्थिरता के दौर से गुज़र रही है और सभी देश अपने हितों पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में, नागरिकों का भी यह दायित्व है कि वे स्वदेशी का संकल्प लें।

***जो चीज भारत के लोगों के कौशल से बनी है। भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमारे लिए बहुत स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प ले कि हम मेक-इन-इंडिया प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आयेगा, वो स्वदेशी ही होगा।***

प्रधानमंत्री ने व्यापारियों और दुकानदारों से भी केवल स्वदेशी उत्पाद बेचने का संकल्प लेने की अपील की। श्री मोदी ने लोगों से आगामी त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि यही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

*****************************************************************

निर्वाचन आयोग ने मतदाता-सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों-बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये से बढ़ाकर बारह हजार रुपये कर दिया गया है। बीएलओ की प्रोत्साहन राशि भी एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रुपये कर दी गई है। उधर, बीएलओ पर्यवेक्षकों को अब सालाना बारह हजार रुपये की जगह अठारह हजार रुपये मिलेंगे। अब पहली बार, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को भी मानदेय मिलेगा। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को तीस हजार तथा सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को पच्चीस हजार रुपये दिए जाएंगे।

********************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि "प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' का नारा दिया है । यदि हम देश में बनी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे तो रोजगार बढ़ेगा और देशी वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ावा भी मिलेगा। श्री अनिल विज कल प्रधानमंत्री किसान उत्सव कार्यक्रम के तहत अंबाला के तेपला कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित कर रहे थे। अम्बाला जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त में 46 हजार 431 किसानों को 9 करोड़ 28 लाख 62 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है।

श्री विज ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने न केवल आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान भी बनाई है और प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों से देश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। श्री मोदी की परिकल्पना 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है जिसमें किसानों का भी अहम योगदान होगा।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल चंडीगढ़ में भगवान महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के बालकांड का पंजाबी अनुवाद का विमोचन किया। इसमें भगवान श्रीराम के बचपन की लीलाओं का वर्णन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सप्तसिंधु वाल्मीकि अध्ययन केंद्र और हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी के संरक्षण में यह महान कार्य किया गया है। समाज को एक अमूल्य धरोहर दी गई है। श्री नायब सिंह ने कहा कि रामायण के बालकांड का पंजाबी में अनुवाद हुआ है इससे न केवल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा बल्कि युवाओं को प्रेरणा भी मिलेगी । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आए सभी लोगों को रामायण के बाल कांड की पुस्तक भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, देवेंदर सिंह, संजीव घारू और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आज मानेसर औद्योगिक मॉडल टाउनशिप में पौधारोपण किया गया। इस विशेष पौधारोपण कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह तथा जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में 4 हजार से अधिक औद्योगिक प्रतिनिधियों ने एक साथ पौधारोपण किया। इस।दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।

पौधारोपण से पूर्व आयोजित सभा में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एक व्यक्ति के संपूर्ण जीवन में औसतन 15 पेड़ों की आवश्यकता होती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह कम से कम इतने पेड़ अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे औद्योगिक और शहरी दबाव वाले जिलों में वायु गुणवत्ता एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है, ऐसे में इस प्रकार के जन-सहभागिता वाले अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने उद्योग संगठनों के इस सहयोग को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित विरासत बनाने का कार्य करेगी। हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान से जनभावनाएं जुड़ रही हैं, और जब समाज, शासन व उद्योग साथ आएं तो हरियाली का लक्ष्य दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हरियाणा के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में चरणबद्ध ढंग से इस प्रकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाएगी।

*********************************************************************